हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

11 विद्यार्थी सुनाएंगे दादी की कहानियां और लोकगीत



12 एसडीई के खिलाफ कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**खबर संक्षेप**

### बीपीएल महिलाओं को मिलेगा चालक व आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**झज्जर।** हरियाणा महिला विकास निगम पंचकूला द्वारा बीपीएल वर्ग की महिलाओं और लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 21 दिवसीय चालक एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण बहादुरगढ़ तथा रोहतक स्थित मारुति सुजुकी ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित होगा। निगम के प्रवक्ता ने बताया कि यह प्रशिक्षण केवल हरियाणा की स्थायी निवासी बीपीएल महिलाओं व लड़कियों के लिए है। पात्रता के अनुसार आवेदिका की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास निर्धारित की गई है।

### छोटूराम नगर में गांजे के साथ महिला काबू

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के छोटूराम नगर में पुलिस ने एक महिला को 464 ग्राम गांजे सहित काबू किया है। गुप्त सूचना के आधार पर सीआईए टू ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी महिला प्रवासी मूल की है और यहां किराये पर रहती है। उसके खिलाफ लाइनपार थाने में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बारिश के बाद अगले दिन फिर बढ़ा तापमान

**बहादुरगढ़।** इलाके में मौसम परिवर्तनशील है। तीन दिन में तापमान में काफी अंतर देखने को मिला है। मंगलवार को जहां अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं बुधवार को अचानक बदले मौसम ने ठंडक घोल दी। बारिश और ठंडी हवाओं के चलते तापमान में 9 डिग्री की गिरावट आई और पारा 20 डिग्री तक पहुंच गया। हालांकि यह ठंडक ज्यादा देर टिक नहीं पाई। वीरवार को सुबह से ही तेज धूप खिलने लगी, जिससे मौसम ने फिर करवट ली। दिन चढ़ने के साथ तापमान में 7 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा।

### पाटौदा में जिला स्तरीय किसान मेला आज

**झज्जर।** शुक्रवार को क्षेत्र के गांव पाटौदा में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन किसा जाएगा। इसमें गांव पाटौदा, लुहारी, खेड़ी सुल्तान व कहाड़ी सहित आसपास के गांवों के किसान भाग लेंगे। उप कृषि निदेशक डॉक्टर जितेंद्र अहलावत ने बताया कि किसान मेले में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम अंकित कुमार चौकसे शिरकत करेंगे। मेले का उद्देश्य किसानों को कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना है।

## 3 करोड़ 51 लाख में फिर से बनेगा 200 फुटा सेक्टर डिवाइडिंग रोड

# 3 साल से एनओसी के फेर में अटकी 2 पुलिया अब बनेंगी, बाइपास से सीधा जुड़ेगा रोहतक रोड

- ओमेक्स के निकट से लेकर बाइपास पर पीडीएम यूनिवर्सिटी के पीछे तक दोबारा बनाई जाएगी सड़क
- दो पुलिया व रोड के बन जाने से छह सेक्टर, कई कॉलोनियां व दिल्ली रोहतक रोड बाइपास से जुड़ेंगे, 2.7 किलोमीटर बनेगी सड़क

**गणपति धाम के सामने पुलिया बनाने के लिए डायवर्जन का काम शुरू**



बहादुरगढ़। गणपति धाम के सामने डायवर्जन बनाती जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

छह सेक्टरों, बहुमंजिला आवासीय कॉलोनियों के साथ ही दिल्ली रोहतक रोड को शहर के बाइपास से जोड़ने का काम जल्द पूरा होने वाला है। दो पुलिया बनने के बाद इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरेंगे। गणपति धाम के सामने ओमेक्स के निकट पुलिया बनाने के लिए डायवर्जन का काम शुरू कर दिया गया है। करीब 2 करोड़ 15 लाख रुपये से चार पुलिया निर्माण का यह काम होगा। इनमें से दो पुलिया पहले बन चुकी हैं। वहीं, साढ़े 3 करोड़ रुपये से 200 फुटा रोड के पुनर्निर्माण को भी मंजूरी मिली है।

शहर के सेक्टर-5/15, 4/4ए और 3ए/3बी को जोड़ने वाली सेक्टर डिवाइडिंग रोड वर्ष 2019 में बनाई गई थी। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा रोहतक रोड पर ओमेक्स के निकट से लेकर बाइपास पर पीडीएम यूनिवर्सिटी के पीछे तक करीब 200 फुट चौड़ी सड़क बनाई गई थी, लेकिन पुलिया निर्माण नहीं होने के कारण इस सड़क का आमजन को लाभ नहीं हुआ। एचएसवीपी ने दिसंबर 2022 में चार पुलिया बनाने के काम का टेंडर आवंटित किया था। हालांकि 6 माह में यह काम पूरा होना था, लेकिन 3 साल में भी नहीं हो पाया। इनके निर्माण पर 2.15 करोड़ रुपये खर्च होने थे। इन पुलिया के निर्माण से हजारों लोगों को फायदा होगा। ये पुलिया बनने के बाद एचएसवीपी द्वारा बनाए गए 200 फुटा रोड के माध्यम से बाइपास व रोहतक रोड का सीधा जुड़ाव हो जाएगा। पुलिया निर्माण का सीधा लाभ छह सेक्टरों के साथ ही ओमेक्स सिटी, केएलजे सिटी समेत अन्य बहुमंजिला आवासीय कॉलोनियों में रहने वाले हजारों लोगों को होगा।

### पांच साल पहले बनी सड़क हो चुकी है जर्जर

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को ये पुलिया बनाने के लिए सिंचाई विभाग तथा वन विभाग से एनओसी लेने में करीब तीन साल निकल गए। बहरहाल अब बहादुरगढ़ माइनर और पेयजल माइनर पर पुलिया बनाने के लिए डायवर्जन का काम शुरू हो चुका है। सड़क का काम 98 प्रतिशत पूरा हो चुका था, लेकिन कई साल की समयावधि में यह भी जर्जर हो चुकी है। हालांकि बहादुरगढ़ में 6 सेक्टरों को जोड़ने वाले इस 200 फुटा मास्टर रोड के पुनर्निर्माण होने का रास्ता भी साफ हो चुका है। पांच साल पहले बनी यह सड़क जर्जर हो चुकी है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से 3.51 करोड़ रुपये की लागत से 2780 मीटर लंबी सड़क बनाने का एस्टीमेट बनाया गया था। मुख्यालय की ओर से इसे स्वीकृति दे दी गई है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी करके इस सड़क को बनाने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। पुलिया और सड़क नए सिरे से बनने के बाद हजारों लोगों का पेट्रोल व समय बचेगा।

### हजारों लोगों को होगा लाभ



वर्ष 2019 में सड़क बनने के बाद लोग इन चार पुलिया का निर्माण पूरा होने का इंतजार कर रहे थे, पर पहले बजट और फिर एनओसी नहीं मिलने के कारण काम शुरू नहीं हो पा रहा था। अब तमाम दिक्कतें दूर होने के बाद जल्द इसका निर्माण पूरा होने से हजारों लोगों को राहत मिलेगी। पुलिया व सड़क बनने से आवागमन सुगम हो जाएगा।

– **रवींद्र शर्मा**, ओमेक्स निवासी

### समय और पैसा बचेगा



समय के साथ 200 फुटा रोड की हालत काफी खराब हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। इससे आवागमन में बाधा के साथ दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। लंबे समय से इस सड़क की मरम्मत की मांग की जा रही थी। पुलिया निर्माण व सड़क दोबारा बनने से वाहनों का तेल व समय दोनों बचेगा।

– **डॉ. नीना सतपाल राठी**, नगर पार्षद

### सिंचाई व वन विभाग से लेनी थी एनओसी

सिंचाई विभाग से आज्ञा मिलने तथा वन विभाग से अनुमति मिलने के बाद ही पुलिया निर्माण की कवायद शुरू कर दी गई है। डायवर्जन बनते ही निर्माण कार्य तेज गति से पूरा करवाया जाएगा। मास्टर रोड के पुनर्निर्माण के लिए भी 3.51 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही टेंडर की औपचारिकताएं पूरी कर काम आरंभ कर दिया जाएगा।

– **आशीष छिल्लर**, कनिष्ठ अभियंता, एचएसवीपी



**गांव सिलाना के किसान के साथ धोखाधड़ी**

# विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा दे ठगे 5.30 लाख

- कई ट्रांजेक्शन के जरिये आरोपियों ने लिया पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव सिलाना निवासी एक किसान के साथ विदेश में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित दीपक पुत्र राय सिंह ने बताया कि विदेश में नौकरी दिलाने के लिए उसके गांव के व्यक्ति द्वारा उसे वर्ष 2024 में एक युवक से मिलवाया था।

पीड़ित का कहना है कि आरोपी द्वारा उससे कई बार अलग-अलग खातों में लाखों रुपये राशि जमा कराई गई। इसके बाद अब तक उसे नौकरी नहीं मिली। पीड़ित के अनुसार वह रुपये वापिस करने से भी मना कर रहा है। उसके साथ शामिल अन्य कई लोगों के नाम भी जहां पीड़ित द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत में दिए गए हैं वहीं खातों से की गई ट्रांजक्शन की कॉपी भी संलग्न की है। इसके अलावा आरोपी व्यक्ति की दुबई की आईडी व रोहतक स्थित उसके निवास की जानकारी भी दी गई है। दीपक के अनुसार उसके द्वारा की गई अलग-अलग ट्राजंक्शन में उसने 4 दिसंबर 2024 को किसी रहीस कुमार के खाते में पहले 55 हजार रुपये, फिर 40 हजार, अगले दिन 50 हजार तथा 25-25 हजार तीन बार, उसी दिन किसी रविंद्रपाल सिंह के खाते में 50 और 25 हजार, फिर जसप्रीत कौर के खाते में 25-25 हजार करके सवा लाख रुपये, फिर 6 दिसंबर को किसी सुमन के खाते में 40 हजार तथा रहीस के खाते में 5 हजार, 4 हजार, 50 हजार व 11 हजार 500 रुपये की ट्रांजक्शन की गई। मामले के जांच अधिकारी प्रवीण ने बताया कि इस संबंध में पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## बाल श्रम करते नाबालिग छुड़वाया

- छुछकवास में वेल्डिंग ट्रॉली वर्कशॉप के संचालक पर केस करवाया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बच्चों को बाल श्रम मुक्त कराने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम द्वारा चलाए गए अभियान के अंतर्गत वीरवार को छुछकवास में वेल्डिंग ट्रॉली वर्कशॉप पर काम करने वाले एक प्रवासी किशोर को श्रम मुक्त कराया गया है। सीजेएम विशाल के आदेश पर बाल श्रम करवाने वाले आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला भी दर्ज कराया गया है। बाल श्रम के विरुद्ध चलाए गए अभियान के चलते जब टीम छुछकवास में दुकानों का निरीक्षण कर रही थी तो वेल्डिंग ट्रॉली वर्कशॉप पर बिहार निवासी चौदह वर्षीय बच्चा बाल श्रम करते हुआ पाया गया। टीम द्वारा बच्चे को बाल श्रम मुक्त कराते हुए वर्कशॉल संचालक दलीप के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है।

**यशु चाहर हत्याकांड में खुलासा**

## मामा ने हत्या से 3 दिन पहले खोदा था शव दबाने को गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव सिलानी के छात्र यशु चाहर हत्याकांड मामले में आरोपित ने पूछताछ में खुलासा किया है। सूत्रों के अनुसार पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि हत्या करने के तीन दिन पहले उसने एमआईटी रोहतक में पांच फीट गहरा गड्ढा खोदा था। बाद में पीजीआई रोहतक की पार्किंग में नशे की हालत में यशु की हत्या की और बाद में गड्ढे में दफना दिया। इसके चलते पुलिस द्वारा विभिन्न पहलुओं को देखते हुए मामले की जांच की जा रही है।



पुलिस को दी शिकायत में मृतक की मां बबीता निवासी सिलानी ने बताया कि उनका छोटा बेटा यशु बीती 29 दिसंबर को सुबह करीब 9 बजे कॉलेज में पेपर देने के लिए घर से निकला था। सुबह करीब 10:45 बजे उसने फोन कर बताया कि उसे एनसीसी क्लास लेनी है और वह तीन-चार बजे तक घर पहुंच जाएगा। लेकिन शाम करीब पांच बजे जब परिवार ने फोन किया तो मोबाइल बंद मिला, जिससे परिवार को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू कर दी। परिजनों की शिकायत पर थाना सदर में गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया। जिसे बाद में आपराधिक केस में तब्दील कर दिया गया। बाद में फोन लोकेशन आदि डिजिटल साक्ष्यों से सामने आया कि यशु के रिश्ते में लगने वाले मामा इंदरसेन निवासी रोहतक ने ही यशु की हत्या की है और शव रोहतक आईएमटी में गड्ढा खोदकर दबा दिया है।

## कंपनी से लाखों रुपये का कॉपर पाउडर चोरी

- सेक्टर 9 स्थित एक मकान में भी चोरी की सूचना, पुलिस कर रही जांच

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद स्थित एक कंपनी में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर यहां से करीब 125 किलो कॉपर पाउडर चुरा ले गए। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में सुरेंद्र ने कहा है कि वह रोहद स्थित सुपर सर्कल कंपनी में बतौर सहायक मैनेजर कार्यरत है। कंपनी के मिक्सिंग एरिया में कॉपर पाउडर के बैग रखे थे। बुधवार को पांच बैग गायब मिले। प्रत्येक कट्टे में 125 किलो कॉपर पाउडर था। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। अज्ञात चोर कंपनी में घुसकर वारदात कर गए हैं। उधर, दूसरी तरफ शहर के सेक्टर 9 स्थित एक मकान में चोरी की सूचना है। हालांकि मामले को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने फिलहाल केस दर्ज नहीं किया है। तफ्तीश की जा रही है।




**धर्म** | खाटू धाम फाल्गुन मेले को लेकर शहर से निकल रहे पैदल जत्थे

# श्याम भक्तों की सेवा के लिए लगे शिविर भोजन, दवा और आराम की पूरी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयघोष और हाथों में थामी श्रीश्याम ध्वजा के साथ श्याम भक्तों के जत्थे आजकल शहर की सड़कों से गुजरते दिखाई दे रहे हैं। राजस्थान के खाटू धाम में लगने वाले फाल्गुन मेले के उत्साह ने शहर की सड़कों को भक्ति के रंग में रंग दिया है।

इसी श्रद्धा को नमन करने और पदयात्रियों की थकान मिटाने के लिए श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह सेवा शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। शहर के सांपला मार्ग पर भी जिले के गांव रोहद निवासी श्रद्धालुओं द्वारा नौवें पद यात्री शिविर का आयोजन किया गया है।




झज्जर। सांपला बाइपास के नजदीक पदयात्री शिविर में ठहरे श्यामभक्त।

### भाई की सेवा करने की परंपरा को संभाला : अशोक

शिविर संचालक अशोक कुमार ने बताया कि उनके भाई रमेश कुमार ने झज्जर शहर में नौ वर्ष पहले पद यात्री शिविर लगाने की शुरुआत की थी। अब चार माह पहले उनका आकस्मिक निधन हो गया था, जिसके बाद उन्होंने अपने दिवंगत भाई को सच्ची श्रद्धांजलि देने की मंशा से शिविर की कमान संभाली है। शिविर में ठहरने वाले श्यामभक्तों के लिए भोजन व आराम करने की व्यवस्था की गई है। उनके फल, चाय, पकौड़े, जूस आदि का प्रबंध है। उनके गांव के सैकड़ों लोग भी शिविर में पहुंच कर सेवा करते हैं।

### 25 फरवरी तक चलेगा सेवा शिविर

शिविर संचालक अशोक कुमार ने बताया कि बीती 17 फरवरी को हवन के साथ सांपला बाईपास के नजदीक शिविर लगाया है। 28 फरवरी तक सभी पद यात्री खाटू धाम पहुंच जाएंगे। ऐसे में वे भी पद यात्रियों के ठहरने की संख्या के आधार पर 25 फरवरी तक सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि झज्जर सांपला मार्ग पर बाईपास के नजदीक शिविर लगाया गया है। शिविर में ओमपति देवी, रामप्यारी देवी, संजय रोहिल्ला, रोहित, मोहित, अशोक, सुंदर, ढीला, रणबीर, मोनू, रमेश हलवाई, कांता, सुरेंद्र आदि सेवाएं दे रहे हैं।



कहानी

प्रकाश मनु

# गुड़िया दोस्तों के साथ चली चांद के देश

बच्चो, अगर चांद तुम्हारी छत पर उतर आए और बगल में बैठकर आसमान की दुनिया के बारे में बताए, इस बीच तुम्हारे दोस्त भी आ जाएं, सबका मन आसमान की सैर करने को हो जाए, सब चांद की किरणों के खटोले पर बैठकर चल दें तो कितना मजा आएगा! ऐसा ही कुछ गुड़िया के साथ हुआ। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।



उस दिन चांदनी रात थी। गुड़िया अपने घर की छत पर बैठी थी। जोर-जोर से चंदा मामा का गीत गा रही थी, जो उसने आज ही अपनी सहेली चांदनी से सीखा था। वह बार-बार झूम- झूमकर गा उठती-



*चंदा मामा दूर के,*
*खोए पकाए भूर के,*
*आप खाएं थाली में*
*गुड़िया को दें प्याली में*
*कितने मीठे, कितने प्यारे*
*लड्डू मोतीचूर के!*

गुड़िया मजे में यह गीत गा रही थी। गाते-गाते उसने चांद की ओर देखा। चांद खिलखिलाकर हंस रहा था। तभी उसने खुद भी एक प्यारा सा गीत बना लिया और मीठे सुर में गाने लगी-

*जल्दी आओ चंदा मामा,*
*पहन के आओ नया पाजामा!*
*उजला-उजला नया पाजामा,*
*पहन के दिखलाओ जी ड्रामा,*
*जिसमें लंबे से हों लामा,*
*जिनसे डर के भागे गामा।*
*भागे गामा, हो हंगामा,*
*दिखलाओ जी ऐसा ड्रामा...!*

अभी वह इस कविता को आगे बढ़ाने के लिए अगली पंक्ति सोच ही रही थी, तभी एक जादू-मंतर सा हुआ। चारों ओर चांदी जैसा खूब घना प्रकाश फैल गया। एकाएक गुड़िया को सुनाई दिया, 'हां, गुड़िया बोलो, मुझे क्यों बुलाया है?'

गुड़िया हैरान। उसकी आंखें चकाचौंध हो रही थीं। उसने अचकचाकर सामने की ओर देखा, 'अरे लो! चंदा मामा तो सामने खड़े हैं! और सचमुच उन्होंने जगमग-जगमग करता सफेद पाजामा पहन रखा है। शुभ्र चांदनी का पाजामा!'

फिर भी गुड़िया ने अपने मन की तसल्ली के लिए पूछा, 'आप...आप चंदा मामा हैं न?'

'हां भई, कोई शक है क्या?' चंदा मामा खुलकर हंसे। फिर बोले, 'तुम लड्डू मोतीचूर के वाला गाना गा रही थीं। खाने हैं तो चलो मेरे साथ।...वहां चाहे जितने मोतीचूर के लड्डू खाना।'

गुड़िया आंखें पटपटाकर बोली, 'ओफ्फोह! चलना तो चाहती हूं, पर अभी मेरी सहेलियां और दोस्त आने वाले हैं। आज हमने कविता-कहानी सुनाने का कार्यक्रम रखा है न! इसी के लिए तो मैं गीत गाकर तैयारी कर रही थी।...और लो जी, यहां तो एक नया ही चक्कर चल पड़ा। मेरे दोस्तों को पता चलेगा तो हक्के-बक्के रह जाएंगे। बल्कि चंदा मामा, उन्हें तो यकीन ही नहीं आएगा कि आप यहां आ गए, मुझसे मिलने।'

'तो चलो, ठीक है। हम भी इंतजार कर लेते हैं तुम्हारे दोस्तों का..।' चंदा मामा ने कहा और गुड़िया के पास वहीं बैठ गए। गुड़िया को प्यारी सी कहानी सुनाने लगे- आसमान की कहानी, चांद-तारों और सूरज की कहानी।

थोड़ी ही देर में गुड़िया की सहेलियां और दोस्त भी आ गए। चंदा मामा को देखकर सब हैरान! गुड़िया ने जब चंदा मामा के बारे में बताया, तो सब उनसे हंस-हंसकर बात करने लगे। आसमान के देश के बारे में बहुत सी बातें पूछने लगे।

चंदा मामा ने कहा, 'चलो, तुम्हें दिखला ही देता हूं अपना देश। और तुम्हें जो कविता-कहानियां सुनानी हैं, उन्हें रास्ते में सुनाते चलना।'

'वाह! वाह! तब तो खूब मजा आएगा।' गुड़िया ने कहा।

'लेकिन चंदा मामा, हम जाएंगे कैसे? आपका देश तो बहुत दूर है न!' नटखट मिंकी ने पूछा।

'हां, पर मुश्किल क्या है। हम तो किरणों के उड़न-खटोले पर जाएंगे न।' चंदा मामा बोले।

'किरणों का उड़न-खटोला!' गुड़िया और उसकी सहेलियों के मुंह अचरज से खुले रह गए, 'सच..!'

'हां!' चंदा मामा ने कहा और उनके इशारा करते ही चांदी की किरणों का चम-चम करता उड़न-खटोला आसमान से जमीन पर आ गया।

सब बच्चे धम-धम-धम करते उसमें बैठे और उड़न-खटोला चल पड़ा। रास्ते में बच्चों ने एक से एक बढ़िया कविताएं-कहानियां सुनानी शुरू कर दीं। कुछ बच्चों ने मजेदार चुटकुले भी सुनाए। हंसते-हंसते चंदा मामा लोट-पोट हो गए।

फिर उड़न-खटोला पहुंचा चांद के देश में। वहां का तो खैर कहना ही क्या था। जिस चीज को देखो, वही चांदी की तरह चम-चम, चम-चम करती हुई। चांदी के कुर्सी-मेज। चांदी का पलंग। चांदी का फर्श। चांदी के फूल, गमले और पर्दे भी।

चंदा मामा ने बच्चों को तारों से मिलवाया, आसमान के राजा सूरज से भी उनकी मुलाकात करवाई, जो बच्चों के सामने सारी तपन छोड़कर ठंडे-शीतल थे। बच्चों ने आसमान में खूब सैर-सपाटा किया। फिर चांद का उड़न-खटोला धरती की ओर चल पड़ा।

बच्चों ने घर आकर अपने-अपने मम्मी-पापा को इस बारे में बताया, तो सब हैरान रह गए। गुड़िया ने हिंदी की मैडम को बताया तो उन्होंने कहा, 'गुड़िया, इस पर एक कहानी लिखो, 'गुड़िया चली चांद के देश।' उसे मैं स्कूल की पत्रिका में छापूंगी। साथ ही किसी बढ़िया आर्टिस्ट से उसका चित्र भी बनवाएंगे।'

गुड़िया ने यह कहानी लिखी तो बच्चों ने खुशी से झूम-झूमकर पढ़ी। अब सब बच्चे यही कहते हैं, गुड़िया अबकी चंदा मामा आएं तो हमसे भी मिलवाना। खुद गुड़िया को इंतजार है- देखें, अब कब आते हैं उसके चंदा मामा? आखिर उन्हें भी तो जरूर नन्ही-मुन्नी सी प्यारी गुड़िया की याद आती होगी ना! *

नन्ही कहानी

# हार की चोरी

राजा का पुश्तैनी हार चोरी हो गया। राजा ने अपने मंत्री से सलाह की। मंत्री ने कुछ ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी ही आसानी से हार-चोर पकड़ा गया। मंत्री की क्या थी तरकीब?



एक राजा के महल से उसका पुश्तैनी हार चोरी हो गया। हार जिस जगह से चोरी हुआ था, वहां तक किसी बाहरी आदमी का पहुंच पाना असंभव था। इससे स्पष्ट था कि हार महल के अंदर रहने वालों में से ही किसी ने चुराया है। हार-चोर का पता लगाने के लिए राजा ने अपने मंत्री से सलाह की।

अगले दिन मंत्री एक पुतला लेकर आया। उसने आते ही घोषणा की, 'यह एक मंत्र सिद्ध पुतला है। महल के हर व्यक्ति को इस पुतले के मुंह में अंगुली डालनी है। जिसने हार चुराया है, पुतला उसकी अंगुली पकड़ लेगा।'

मंत्री ने वह पुतला महल के एक कक्ष में रखवा दिया, स्वयं दरवाजे के पास प्रसाद के लड्डू लेकर खड़ा हो गया। सब लोग कक्ष में जाते, पुतले के मुंह में अंगुली डालकर वापस आ जाते। मंत्री सबको हाथ में प्रसाद देकर विदा कर रहा था। इसी क्रम में जब एक दासी कमरे से निकली और जैसे ही उसने प्रसाद लेने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया, मंत्री ने उसका हाथ पकड़ लिया और राजा से कहा, 'इसी ने हार चुराया है।'

दासी ने पहले तो ना-नुकुर किया, लेकिन जब राजा ने सख्ती दिखाई तो उसने मान लिया कि हार की चोरी उसी ने की है।

राजा ने मंत्री से पूछा, 'मंत्री जी, आपने कैसे पता लगाया कि हार की चोरी इसी दासी ने की है?'

मंत्री ने बताया, 'महाराज, मैंने पुतले के मुंह में रंग लगा दिया था, जो भी उसके मुंह में अंगुली डाल रहा था, उसकी अंगुली में रंग लग रहा था। लेकिन दासी की अंगुली में कोई रंग नहीं लगा था, क्योंकि उसने पुतले के मुंह में अंगुली डाली ही नहीं। उसे डर था, पुतला उसकी अंगुली पकड़ लेगा, क्योंकि हार की चोरी उसी ने की थी।'

**सारः** चोर का मन बहुत कमजोर होता है। *

**प्रस्तुतिः एफएमएन**

कविता / डॉ. मीरा सिंह 'मीरा'

# चिड़िया सच बतलाना



चिड़िया, चिड़िया, सच बतलाना,
नीड़ बनाना कैसे जाना?
चुग-चुग दाने चुनकर लाती,
क्या ना थकती, सच बतलाना?
क्या तू भी कुछ नियम तोड़ती,
क्या भरती कोई जुर्माना?
पंख सुनहरे इतने प्यारे,
कहां से पाया, यह बतलाना?
क्या जाती तू नित विद्यालय,
कौन सिखाता तुझको गाना?
जब ऊंचे नभ में उड़ती है,
कैसा लगता, सच बतलाना?

कविता / शिवचरण चौहान

# फागुन के फुर्तीले दिन

फागुन के फुर्तीले दिन,
प्यारे रंग-रंगीले दिन।
सरसों के खेतों में फूले,
खुशबू भीने पीले दिन।
धूप शहद-सी चटा रहे,
सबको खूब सजीले दिन।
कोपल-कोपल में लटके,
मोती से चमकीले दिन।
नाच रहे सब मस्ती में,
छम-छम छैल-छबीले दिन।



# हंसगुल्ले



**चिंटूः** मुझे आंख बंद करने के बाद भी दिखाई देता है।
**मिंटूः** अच्छा, क्या दिखाई देता है?
**चिंटूः** अंधेरा।

-साकेत, बिलासपुर

**नन्ही रिया (अपनी दीदी से):** दीदी, मुझे लिखना आ गया है।
**दीदीः** अच्छा! कुछ लिखकर दिखाओ तो।
रिया ने नोटबुक पर कुछ टेढ़ी-मेढ़ी लाइंस खींच दी।
**दीदीः** अरे! ये क्या लिखा है तुमने?
**रियाः** दीदी, अभी मैंने सिर्फ लिखना सीखा है, पढ़ना नहीं सीखा।

-प्रज्ञा, रायपुर

**सोनूः** तुम हमेशा अपनी जेब में नींबू लेकर क्यों चलते हो?
**मोनूः** ताकि अगर रास्ते में कोई दुश्मन मिल गया तो उसके दांत खट्टे कर सकूं।

-श्रेया, दुर्ग

नयन दिल्ली के एक होटल में रुकने आया तो उसे अपने रूम में लॉक की जगह एक कार्ड मिला, जिसको लगाने से रूम का डोर लॉक होता, ओपन होता। नयन ने पापा से जब इसके बारे में पूछा तो उन्होंने इसकी पूरी तकनीक उसे समझायी। बच्चो, तुम भी जानो।

# नयन की होटल यात्रा

नॉलेज स्टोरी

आलोक कुमार दुबे



नयन अपनी फैमिली के साथ एक शादी में शरीक होने के लिए दिल्ली आया। स्टे के लिए वह एक होटल में गया। साथ में उसके चाचा की भी फैमिली थी। रिसेप्शन पर रजिस्टर में डिटेल भरने के बाद सभी को कमरों का नंबर बताकर उन्हें वहां पहुंचाने को कहा गया। होटल का जो कर्मचारी कमरे तक सामान लेकर आया था, उसने एक प्लास्टिक के कार्ड को कमरे के डोर पर टच किया और फिर हाथ से हैंडल को घुमाकर दरवाजा खोल दिया, फिर उस कार्ड को अंदर दरवाजे के पास एक कार्ड पॉकेट में डाल दिया। तुरंत ही कमरे की बत्तियां जल गईं। उसने बताया कि जब आप बाहर जाएं तो कार्ड निकाल कर साथ में जरूर ले जाएं, नहीं तो डोर अंदर से बंद हो जाएगा, आपको परेशानी होगी। नयन यह सब बहुत ध्यान से देख-सुन रहा था।

मम्मी-पापा जब कमरे में सामान रख रहे थे, नयन ने कमरे का दरवाजा खोला और यह जांचा कि दरवाजा अंदर से खुल रहा है या नहीं? वह बाहर निकल आया और दरवाजा बंद होने पर उसे बाहर से हैंडल घुमाकर खोलने लगा, लेकिन वह नहीं खुल रहा था। दरवाजे के बाहर लगी घंटी के स्विच तक उसका हाथ नहीं पहुंच रहा था। तब-तक बगल के कमरे से निकले चाचा की नजर उस पर पड़ी, उन्होंने पूछा, 'अरे! तुम बाहर क्या कर रहे हो?' चाचा ने घंटी बजाकर दरवाजा खुलवाया और उसे समझाया, 'अपने कमरे का नंबर याद कर लो और बिना बताए बाहर न निकलना। होटल के बाहर तो बिल्कुल भी नहीं। नहीं तो शादी में आने का सारा मजा किरकिरा हो जाएगा।'

कुछ देर बाद सभी लोग नहा-धो कर जब तैयार हो गए तो एक बड़े से कमरे में सभी लोगों को नाश्ते के लिए जाना था। पापा ने कमरे से बाहर निकलने के पहले कार्ड निकाल कर जेब में डाल लिया और दरवाजा बंद कर दिया। वापस आने पर



कार्ड को दरवाजे के हैंडल के पास टच किया और हैंडल घुमा कर दरवाजा खोल लिया। जब नयन से रहा नहीं गया तो उसने पूछा, 'पापा, अपने घर पर तो हम लोग चाबी से दरवाजा खोलते और बंद करते हैं, इस होटल में चाबी की जगह इस कार्ड से दरवाजा खुलता है। यह कैसे होता है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है?'

'अरे भाई, इस होटल के दरवाजे पर आर.एफ.आई.डी. तकनीक का ताला लगा हुआ है। जब इस कार्ड को हम पास में लाते हैं तो ताले का रीडर उसे रीड कर लेता है या पहचान लेता है और हैंडल घूमने लगता है, दरवाजा खुल जाता है।' पापा ने नयन को बताया।

'तो क्या अपने कमरे के कार्ड से चाचू के कमरे को खोला जाए तो वह नहीं खुलेगा? ' नयन ने दूसरा प्रश्न किया।

'नहीं, हर कार्ड पर कमरे की संख्या अंकित है। उस कमरे के ताले की रेडियो तरंग (फ्रीक्वेंसी) कार्ड से मिलान होना जरूरी है।' पापा ने जानकारी दी। 'अच्छा अगर अपना कार्ड कहीं खो जाए या हम लोग इसे लेकर घर चले जाएं तो होटल वाले क्या करेंगे?' नयन ने अगला सवाल किया।

'हां भाई, होटल वालों को अकसर ऐसे ग्राहको से पाला पड़ता रहता है। दूसरी चाबी बनाने का खर्च और मेहनत ज्यादा पड़ती है, जबकि एक कार्ड की कीमत बहुत कम होती है। तुमको बता दूं कि यह कार्ड सिर्फ उस समय तक काम करेगा, जब तक का पैसा होटल वालों के पास जमा है, उसके बाद इस कार्ड से भी दरवाजा नहीं खुलेगा और रिसेप्शन काउंटर पर जाकर इसे फिर रिचार्ज कराना पड़ेगा।' 'लेकिन पापा जब हम लोग नाश्ता करने जा रहे थे तो होटल के वर्कर के पास एक ही कार्ड था। वह उस कार्ड से कई कमरे खोल कर उनमें पानी की बोतल आदि सामान रख रहा था, वह कैसे?' नयन ने पूछा। 'यही तो इस तरह के ताले की विशेषता है। होटल के कर्मचारी को साफ-सफाई या अन्य कार्य के लिए हर कमरे की अलग-अलग चाबी नहीं रखनी पड़ती। बस एक मास्टर कार्ड से ही सब कमरे खुल सकते हैं।' पापा ने बताया।

'पापा, मुझे इसीलिए तो आप के साथ घूमने में मजा आता है, क्योंकि नई-नई बातें जानने को मिलती हैं।' यह कहकर नयन ने हंसते हुए ताली बजाई और कमरे से बाहर निकल गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# देश के गर्व भारत रत्न

बच्चो, तुम यह तो जानते ही होगे कि अपने देश भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान का नाम भारत रत्न है। आजादी के बाद वर्ष 1954 से अब तक 53 विभूतियों को यह सम्मान प्रदान किया जा चुका है। भारत रत्न देने की शुरुआत कैसे हुई? इसमें क्या प्रदान किया जाता है? और इसे प्राप्त करने वाली विभूतियों के बारे में विस्तार से पुस्तक 'देश के अनमोल रत्नः भारत रत्न' में बताया गया है। इसे प्रसिद्ध बाल साहित्यकार समीर गांगुली ने लिखा है। यहां तुम देश के पहले उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन, भौतिक वैज्ञानिक डॉक्टर सी.वी. रमन, पूर्व राष्ट्रपति और वैज्ञानिक ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, गायिका लता मंगेशकर, शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खां जैसी अनेक हस्तियों समेत विदेशी मूल की भी दो महान विभूतियों मदर टेरेसा और नेल्सन मंडेला के बारे में भी जान सकते हो। इस किताब को पढ़कर तुम जान सकोगे कि जिन हस्तियों को यह सम्मान प्रदान किया गया उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में कितना अद्वितीय योगदान देकर भारत देश का नाम पूरे विश्व में विख्यात किया। निश्चित ही इस किताब को पढ़कर तुम भी इनकी तरह अपने देश और समाज के लिए बड़े काम करने के लिए प्रेरित होगे। *




**किताब:** देश के अनमोल रत्न : भारत रत्न,
**लेखक:** समीर गांगुली, **मूल्य:** 300 रुपए,
**प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

# जीके क्विज-193

1. हाल में ही पड़ोसी देश बांग्लादेश के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
2. विक्टोरिया मेमोरियल किस राज्य में स्थित है?
3. चार सौ ग्रैंड स्लैम जीतने वाले पहले टेनिस खिलाड़ी कौन बने हैं?
4. भारत में किसी राज्य की पहली महिला राज्यपाल कौन बनी थीं?
5. भारत में पहली रेलगाड़ी किस वर्ष चली थी?
6. हाल में भारत की यात्रा पर आए इमैनुअल मैक्रॉ किस देश के राष्ट्रपति हैं?
7. 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
8. सल्फ्यूरिक अम्ल का रासायनिक सूत्र क्या होता है?
9. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
10. किस पुरस्कार को 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-193 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-192 का उत्तरः** 1.इंग्लैंड, 2.जे.के. रोलिंग, 3.अश्विनी वैष्णव, 4.स्वामी विवेकानंद, 5.स्टेपीज, 6.आइजैक न्यूटन, 7.सैम मानेकशॉ, 8.मंगल, 9.सोडियम क्लोराइड, 10.हेनरी कैवेंडिस

**जीके क्विज-192 का सही उत्तर देने वालेः** अमित-सक्ती, श्रेया-दामोह, कबीर-हिसार, अनहद-बिलासपुर, अजय-फतेहाबाद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-झज्जर, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-बैकुंठपुर, सुयश-रायपुर, अर्णव-बिलासपुर, कुसुम-भिलाई, तमन्ना-कोरबा, मनीष-रोहतक, विकास-महासमुंद

# रंग भरो-196

**रंग भरो-196** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आशना, जांजगीर



दिशांत, महेंद्रगढ़



मीनाक्षी, सक्ती



रेयांश, बिलासपुर



सौम्य, कोरबा



वैष्निका, रायपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

माही-महासमुंद, प्रियंका-रायपुर, संचिता-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, परी-हिसार, कविता-बालोद, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, प्रिया-करनाल, रचना-कोरबा

# रंग भरो 197



बच्चो, यहां अपना होम वर्क पूरा करते हुए चिंकी और मिंकी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

### जिला स्तरीय किसान जागरूकता शिविर में 500 से अधिक ने लिया भाग

# पराली नहीं जलाने व प्राकृतिक खेती अपनाने वाले नौ किसान सम्मानित

**शिविर में विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। कृषि विभाग के जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित किसान।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने खाद्य एवं पोषण सुरक्षा–पोषक अनाज योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक की अध्यक्षता में हुए कैंप में लगभग 500 किसानों ने भाग लिया। शिविर में विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। शिविर के दौरान 9 किसानों को पराली न जलाने और प्राकृतिक खेती को अपनाने में सराहनीय योगदान के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसडीओ सुनील कौशिक ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी एग्री स्टैक–किसान आईडी का पंजीकरण अवश्य करवाएं ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से उन्हें मिल सके। उन्होंने कहा कि डिजिटल पंजीकरण से किसानों को भविष्य में मिलने वाली सहायता, अनुदान और योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त होगा। विषय विशेषज्ञ डॉ. महावीर मलिक ने मिट्टी की उर्वरक शक्ति बढ़ाने और पौध संरक्षण के वैज्ञानिक तरीकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को संतुलित खाद प्रयोग, जैविक उर्वरकों के उपयोग और फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व के बारे में समझाया। रमेश कुमार ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया और बताया कि कम लागत में अधिक उत्पादन के लिए प्राकृतिक तरीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। कविता ने पोषक अनाजों की खेती, उनके बाजार मूल्य और स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी।

#### किसानों को नियमित जांच कराने की सलाह दी

*खंड कृषि अधिकारी राकेश राणा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा किसान आईडी पंजीकरण और एग्री स्टैक से संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया। पशुपालन विभाग से डॉ. रविंद्र दहिया ने पशुपालन से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और अनुदानों की जानकारी साझा की। सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी भयराम ने विभाग की ऑनलाइन योजनाओं और आवेदन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। कृषि विकास अधिकारी प्रदीप मलिक ने मृदा नमूना परीक्षण और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व को रेखांकित करते हुए किसानों को नियमित जांच कराने की सलाह दी। किसान जयपाल माजरा ने प्राकृतिक खेती के अपने अनुभव साझा किए, जबकि संदीप छारा ने बाजरा की मूल्यवर्धन तकनीकों के बारे में जानकारी दी। मंच संचालन कुसुम लता द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभाग तकनीकी सहायक सुनील कुमार, दीपक कुमार, मुंशी राम, सुधीर कुमार, जितेंद्र, नवीन कुमारी तथा जैसिका दलाल आदि उपस्थित रहे।*


झज्जर। गुढ़ा आईटीआई परिसर में जागरूकता सामग्री के साथ उपस्थित छात्राएं व टीम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को बाल विवाह के रोकथाम की प्रेरणा दी

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा शुरू की गई बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा के अंतर्गत वीरवार को जिले के गांव गुढ़ा, दुजाना, चमनपुरा व लकड़िया गांव में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। पिछले करीब 22 दिनों से चलाए जा रहे इस अभियान में लोगों को गीत-संगीत, बातचीत तथा जागरूकता सामग्री के माध्यम से बाल विवाह रोकथाम के लिए प्रेरित किया जा रहा है। गुढ़ा गांव की आईटीआई में पहुंच कर जहां विद्यार्थियों में जागरूकता सामग्री बांटी गई वहीं आंगनवाड़ी केंद्र व सामुदायिक केंद्रों में पहुंच कर लोगों को बाल विवाह की रोकथाम में सहयोग करने संबंधी शपथ दिलाई गई। कार्यकर्ता संदीप ने बताया कि गुढ़ा गांव में सरपंच निशा, दुजाना गांव में सरपंच मंजू देवी व लकड़िया गांव में सरपंच मनोज कुमारी द्वारा यात्रा की सराहना करते हुए उन्हें सहयोग का आश्वासन दिया गया।

### न्यूज डायरी

## जिलास्तरीय समाधान शिविर में नौ शिकायतें हुईं दर्ज



**झज्जर।** वीरवार को जिलास्तरीय समाधान शिविर का आयोजन लघुसचिवालय परिसर स्थित कांफ्रेंस हॉल में किया गया। इसमें डीडीपीओ निशा तंवर ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। शिविर में भूमि संबंधी, पेंशन, पारिवारिक पहचान पत्र, अतिक्रमण, पानी व बिजली से जुड़ी नौ समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करते हुए पारदर्शिता और संवेदनशीलता सुनिश्चित की जाए।

## गांव ढराणा की महिलाओं ने बताई पेयजल की समस्या



**बेरी।** समाधान शिविर में वीरवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में नागरिकों ने पेयजल आपूर्ति, सीवरेज सिस्टम दुरुस्त करवाना, नई पाइप लाइन बिछवाने, परिवार की आय दुरुस्त करवाने, बीपीएल कार्ड, अवैध कब्जे हटवाने, नाले निर्माण, बारे एवं विभिन्न सामाजिक पेंशन बनवाने से संबंधित शिकायतें रखीं। इस दौरान गांव ढराणा की महिलाओं ने वाटर सप्लाई की समस्या दर्ज करवाई। एसडीएम ने सभी शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

## संत, महापुरुष, शहीद पूरे राष्ट्र की धरोहर : वीरेंद्र



**झज्जर।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर शहीद राव तुलाराम की याद में प्रदेश के जिला हांसी में राव तुलाराम चौक का निर्माण किए जाने पर यादव समाज ने हर्ष जताया है। अखिल भारतीय यादव महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राव धर्मपाल ने बताया कि विधायक विनोद भयाना की अध्यक्षता में इस चौक का शिलान्यास ढाणा खुर्द निवासी करीब एक सौ वर्षीया वृद्धा अंगूरी देवी ने किया। उन्होंने बताया कि चौक के लिए गोकुलधाम सोसायटी द्वारा जमीन मुहैया कराई गई है। अब चौक पर 18 फीट ऊंची राव तुलाराम की प्रतिमा स्थापित होगी जो पूरे हरियाणा में सबसे भव्य व सबसे ऊंची होगी। राजपाल यादव ने बताया कि प्रतिमा का जल्दी से जल्दी कार्य संपूर्ण होगा। अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र दरोगा ने कहा कि संत, महापुरुष, स्वतंत्रता सेनानी व शहीद किसी एक जाति विशेष के नहीं होते, वे पूरे राष्ट्र की धरोहर होते हैं। अमर शहीद राव तुलाराम 1857 की क्रांति के महान योद्धा थे। उनके नाम से हांसी में चौक का निर्माण क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

## 30 लाख से टाउन पार्क का होगा सौंदर्यीकरण



*झज्जर। वीरवार को नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने शहर में चल रहे विकास कार्यों का अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण किया। नप चेयरमैन ने पुराना डाकखाना मैदान स्थित सामुदायिक शौचालय, टाउन पार्क व महाराजा अग्रसेन पार्क का निरीक्षण किया और अधिकारियों व संबंधित ठेकदारों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि टाउन पार्क के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू करवाया जाएगा। इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। करीब तीस लाख रुपये की लागत से फैंसी लाइट, फव्वारे और सेल्फी प्वाइंट आदि बनाए जाएंगे। जिसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। निर्धारित समयावधि में काम पूरा करने और गुणवत्ता का विशेष तौर पर ध्यान रखने के निर्देश दिए है। काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान ईओ देवेंद्र कुमार, एमई नरेंद्र तनेजा, नगर पार्षद जयपाल सिंह बांगड़ सहित अन्य भी मौजूद रहे।*

# एसडीएम को सौंपा मनरेगा मजदूरों की मांगों का ज्ञापन

- ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाले 135 मनरेगा मजदूरों ने रोजगार देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ आंदोलन के तहत एसडीएम अभिनव सिवाच के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाले 135 मनरेगा मजदूरों ने रोजगार देने की मांग की है। असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश उप चेयरमैन सुमित छिकारा, जिलाध्यक्ष दिलबाग दलाल, सुरजीत दलाल, सतबीर कादियान, दलबीर बामड़ोली, रणबीर मांडोठी व दिनेश खोखर आदि ने वीरवार को एसडीएम अभिनव सिवाच को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी अधिकारी मनरेगा मजदूरों से बिना तारीख के काम मांगने का आवेदन रिसीविंग दिए बगैर ले लेते हैं। इस वजह से अधिकारियों पर न काम देने की जवाबदेही बनती है, न ही मजदूरों को काम न मिलने पर मुआवजा ही मिलता है। मनरेगा मजदूरों को काम के समय चोट या सांप आदि के काटने पर भी न तो मुआवजा मिलता है न ही कोई सहायता। पूरा काम करने पर भी खाते में मेहनताना कम आना आम बात है। मजदूरों से कम लेने में भी मनरेगा मेट द्वारा भेदभाव भी किया जाता है। मनरेगा मजदूरों को हरियाणा सरकार द्वारा घोषित 433 रुपये 64 पैसे न्यूनतम मजदूरी से कम 400 रुपये ही मेहनताना दिया जाता है। मजदूरों को समान की टूट फूट और काम के लिए 10 किलोमिटर तक ले जाने का भाड़ा भी मजदूरी में से काटा जाता है। ज्ञापन सौंपने वाले पदाधिकारी ने योजना का नाम बदलने के नाम पर महात्मा गांधी का नाम हटाने की निंदा की। साथ ही दैनिक वेतन को 500 रुपये करने की मांग की। मजदूरों को कानून के हिसाब से 125 दिन का काम देने और चोट लगने पर मुआवजे की मांग दोहराई।

## ट्यूबवेल ऑपरेटर ऑर्गेनाइजेशन के जिला संयोजक बने प्रवीन कुमार



**झज्जर।** पब्लिक हेल्थ ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर ऑर्गेनाइजेशन हरियाणा द्वारा वीरवार को स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में मीटिंग का आयोजन कर जिला संयोजक टीम का गठन किया गया। मीटिंग में ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र कादियान, जिलाध्यक्ष सुमित राठी व भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री धीरज जाखड़ ने मुख्य रूप से शिकरत की। वक्ताओं द्वारा सभी कर्मचारियों को भारतीय मजदूर संघ रीति व नीति बारे समझाया गया। उसके उपरांत ट्यूबवेल ऑपरेटर्स की समस्या सुनीं गई तथा संयोजक टीम का गठन किया गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों में प्रवीन कुमार को जिला संयोजक, रूपेंद्र को जिला सह संयोजक, मैनपाल व समे सिंह को जिला उप संयोजक बनाया गया। इस मौके पर सुनील, मनोज, राजेश, रूपेश, सतबीर, राजपाल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित साइंस ओलंपियाड के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# साइंस ओलंपियाड में इंडो अमेरिकन ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एसओएफ द्वारा आयोजित साइंस ओलंपियाड में इंडो अमेरिकन स्कूल के विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है।। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि पहली कक्षा के छात्र आदि तथा नौवीं कक्षा की छात्रा अपेक्षा, अक्षिता, दीपिका व प्रियांशी ने जहां गोल्ड मेडल हासिल किया वहीं पहली से यक्षित, दूसरी कक्षा से नायरा, मुस्कान, तामसी व अमन, तीसरी कक्षा से प्रावीर, मानव व दीपाली, चौथी कक्षा से माही यादव, एकांश रेवलिया व मायरा, पांचवीं कक्षा से आरिव नरवाल, गर्वित सिंह, परिधि तथा गरिमा, छठी कक्षा से वैभव, रिद्धिमा, हर्षा व अर्पित, आठवीं कक्षा से सोनम गुर्जर, भौमिक, लविश व राजन, नौवीं कक्षा से वंदना, भूमि, इशिका, विरिका, अर्नव, यशिका व मोहित तथा दसवीं कक्षा से हर्ष ने परीक्षा में सहभागिता की। इस दौरान विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान देकर सम्मानित करते हुए निदेशक बिजेंद्र कादियान ने कहा कि जीवन में सफलता निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन से ही प्राप्त होती है।

## महावारी स्वच्छता को लेकर छात्राओं को किया जागरूक


झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं एवं विषय विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** राजकीय हाई स्कूल गांगटान में वीरवार को मासिक धर्म स्वच्छता व किशोर स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला किशोर स्वास्थ्य काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने छात्राओं को बताया कि माहवारी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। इस दौरान स्वच्छता, संतुलित आहार तथा मानसिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने सैनेटरी नैपकिन का सही उपयोग, समय पर बदलाव तथा सुरक्षित निस्तारण बारे भी जानकारी दी। इसके अलावा छात्राओं को प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थापित मित्रता क्लीनिक में किशोर एवं किशोरियों को दी जाने वाली कांउसलिंग, नियमित समय सारिणी बनाकर अध्ययन करने, पर्याप्त नींद लेने, मोबाइल का सीमित उपयोग करने, परीक्षा से पहले गहरी सांस लेने, सकारात्मक सोच अपनाने, कठिन विषयों का बार-बार अभ्यास करने, आत्मविश्वास बनाए रखने व संतुलित आहार लेने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल के हेडमास्टर बलजीत सिंह व स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम की हेल्थ एंबेसडर अध्यापिका भारती, अध्यापिका रीना, संजय कुमार, एसएमसी प्रधान मोनू सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## बिरड़ माजरा गांव में नशा मुक्ति के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

**झज्जर।** वीरवार को क्षेत्र के गांव बिरड़ माजरा में पुलिस की नशा मुक्ति टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों, आपातकालीन सेवा डायल 112 तथा साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करना रहा। नशा मुक्ति टीम में तैनात मुख्य सिपाही सपना और उनकी टीम ने बताया कि नशा व्यक्ति के जीवन को अंधकार की ओर धकेल देता है। इससे न केवल शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ता है, बल्कि परिवार और समाज भी प्रभावित होता है। नशे की लत व्यक्ति की आर्थिक स्थिति को कमजोर करती है और पारिवारिक संबंधों में दरार पैदा कर देती है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह स्वयं नशे से दूर रहे और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करे। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में डायल 112 का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह सेवा नागरिकों की त्वरित सहायता के लिए उपलब्ध है। इसके अलावा साइबर क्राइम से बचाव के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।



## डीईओ ने परीक्षा को लेकर मुख्य केंद्र अधीक्षकों को दिए निर्देश



**झज्जर।** स्थानीय राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिले के सभी मुख्य केंद्र अधीक्षकों की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी रतिंदर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक का उद्देश्य आगामी परीक्षाओं का निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान अपने संबोधन में जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि परीक्षाएं पूर्ण निष्पक्षता के साथ नकल रहित संपन्न कराई जाएं। सभी विद्यार्थी भय मुक्त वातावरण में परीक्षा दें। परीक्षा केंद्रों के अंदर या बाहर किसी प्रकार का व्यवधान न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि हरियाणा बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन भिवानी द्वारा जारी सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ा जाए तथा उनका कड़ाई से पालन किया जाए। परीक्षा अवधि के दौरान सभी प्रकार की फोटोकॉपी मशीनें पूर्णतः लॉक रखी जाएं, जिसकी जिम्मेदारी मुख्य केंद्र अधीक्षक की होगी। उन्होंने कहा परीक्षा केंद्र में पर्याप्त प्रकाश, वेंटिलेशन, शुद्ध जल एवं प्राथमिक चिकित्सा किट उपलब्ध कराई जाए। केंद्र के बाहर नियंत्रण एवं शांति के लिए पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित हो। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को सूचित किया जाए।

### अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस कल : स्कूलों में की जा रही तैयारियां

# विद्यार्थी सुनाएंगे दादी की कहानियां और लोकगीत

- उद्देश्य भाषा विविधता और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

प्रदेश के सभी स्कूलों में 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाष दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला द्वारा प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, खंड मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला एफएलएन समन्वयक व स्कूल मुखियाओं को पत्र भेजकर स्कूल में मातृभाषा दिवस मनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में कहा कि इस दिवस को मनाए जाने का उद्देश्य भाषा विविधता और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण बारे जागरूकता फैलाना है। पत्र में दिए गए निर्देशानुसार सुबह के समय प्रार्थना सभा में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व पर चर्चा करना तथा उसके उपरांत कक्षाओं में अभिभावकों, दादा-दादी, एसएमसी सदस्यों को शामिल करते हुए दिवस से संबंधित किन्हीं दो गतिविधियों का आयोजन करना शामिल है।


झज्जर। राजकीय विद्यालय सुर्खपुर में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की तैयारियों में जुटे शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### प्रत्येक स्कूल को करानी होंगी दो गतिविधियां

मातृभाषा दिवस मनाए जाने को लेकर जब राजकीय प्राथमिक पाठशाला सुर्खपुर के शिक्षकों से बात की गई तो शिक्षक विजेंद्र कुमार ने बताया कि भेजे गए पत्र के अनुसार मेरी मातृभाषा-मेरी पहचान गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थी को अपनी भाषा में अपना परिचय के देने के साथ, भाषा से संबंधित दो-तीन वाक्य बोलने होंगे, चित्र वार्ता गतिविधि में चित्र देख कर उससे संबंधित जानकारी से अवगत कराना है। तुकबंदी गतिविधि में विद्यार्थी को लोकगीत का उच्चारण करना करना है या कविता सुनानी है जिससे उनकी सुनने की क्षमता व स्मरण शक्ति भी बढ़ेगी। इसके अलावा विद्यार्थी को कहानी सुनकर उसे दोहराना, दादी मां की कहानी सुनाना तथा रोल प्ले गतिविधि में स्कूल, बाजार या दिनचर्या से जुड़े वाक्य को बोलना शामिल है। सभी स्कूलों को इन गतिविधियों में से कोई गतिविधियां करानी अनिवार्य है। उनके स्कूल में मातृभाषा दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है। हिंदी शिक्षक अशोक कुमार द्वारा बच्चों को लोकगीत, कविता व कहानी दोहराने का अभ्यास कराया जा रहा है। इसके अलावा विद्यार्थियों के अभिभावकों, गांव के मौजिज लोगों व एसएमसी पदाधिकारियों को भी शुक्रवार तक निमंत्रण भेज दिया जाएगा।

## पोस्टर मेकिंग में देवकी ने पाया पहला स्थान



**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग एवं अंग्रेजी साहित्य परिषद के तत्वावधान में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय ज्ञान ही शक्ति रहा। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिता में एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष की छात्रा देवकी ने पहला और एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष की छात्रा तन्नू ने दूसरा और एमए अंग्रेजी द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्येतर गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के आयोजन में एक्सटेंशन लेक्चरर डॉक्टर जयप्रकाश, रुचिका और मनजीत का योगदान रहा। प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर कविता, डॉक्टर प्रवीण गुलिया और दीपक ने किया।

## खबर संक्षेप

### रायपुर गांव में प्रशासन का रात्रि ठहराव आज

**झज्जर**। सीटीएम नमिता कुमारी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह आयोजित किए जाने वाले रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को गांव रायपुर स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीसी जगनिवास करेंगे। एडीसी ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनेंगे तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश देंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन को गांव स्तर तक पहुंचाकर आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निवारण करना है।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**झज्जर**। बिजली निगम डिवीजन बेरी के उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए शुक्रवार को बिजली अदालत और उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी। एसडीओ सुनील कुमार ने बताया कि बैठक में बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल, कनेक्शन, लोड संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा और उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोई उपभोक्ता फैंसले से संतुष्ट नहीं है तो वह अपनी शिकायत अध्यक्ष अभियंता झज्जर के समक्ष रख सकता है।

### गांव दहकोरा में प्रवासी युवक की मौत

**बहादुरगढ़**। गांव दहकोरा में प्रवासी मूल के युवक की मौत हो गई। बीमारी से मौत होने की आशंका है। असल कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो पाएगी। मृतक की पहचान करीब 23 वर्षीय गुड्डू कुमार के रूप में हुई है। वह बिहार के भोजपुर जिले से था और यहां परिवार सहित दहकोरा में रह रहा था। वीरवार को तबीयत बिगड़ने से उसकी जान चली गई। अस्पताल में लेकर आए तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। करीब एक साल पहले उसकी शादी हुई थी।

### बीआरपी ने किया स्कूल का निरीक्षण

**बहादुरगढ़**। बीआरपी समीर ने वीरवार को मेन बाजार की राजकीय प्राथमिक पाठशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पहली से तीसरी कक्षा के बच्चों के पढ़ाई का स्तर जांचा। सभी बच्चों की रजिस्टर में हाजरी चेक की। अगले महीने होने वाली वार्षिक परीक्षा के बारे में बच्चों को बताया। सुधार के संबंध में हेडमास्टर मुकेश को दिशानिर्देश भी दिए।

## ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन ने दुर्व्यवहार का लगाया आरोप

# एसडीई से माफी मंगवाने पर अड़े कर्मचारी, दो घंटे तक किया प्रदर्शन



प्रदर्शनकारी बोले- एसडीई ने हाल ही में महिला जेई के साथ भी किया था दुर्व्यवहार बेवजह किया जा रहा परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ऑल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर्स यूनियन से जुड़े बिजली कर्मचारियों ने वीरवार को स्थानीय बिजली निगम कार्यालय के गेट पर दो घंटे धरना-प्रदर्शन किया। एसडीई के रवैये के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए जमकर नारेबाजी की। धरने-प्रदर्शन की अध्यक्षता उपप्रधान कृष्ण कुमार ने की। वक्ताओं ने कहा कि एनजी रोड के एसडीई का कर्मचारियों के प्रति रवैया ठीक नहीं है।

कर्मचारियों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। हाल ही में एक महिला जेई के साथ भी बुरा बर्ताव किया गया। इससे कर्मचारियों में रोष है। कर्मचारी बुरा बर्ताव बिल्कुल सहन नहीं करेंगे। फिलहाल दो घंटे का धरना प्रदर्शन है। यदि माफी नहीं मांगी जाती है तो विरोध आगे भी जारी रहेगा।

यूनिट प्रधान उमेश शर्मा, एसकेएस ब्लाक प्रधान बिजेंद्र सैनी, यूनिट सचिव राकेश कुमार, सह सचिव राजेश किराड़, उपप्रधान प्रदीप छिकारा, राज्य कमेटी सदस्य रवींद्र दलाल, राकेश सोलंकी, मनोज, कुलवंत, हरीश, दिनेश कुमार, संजी, प्रदीप, दीपिका व गीता आदि कर्मचारी धरने पर मौजूद रहे।

### डीसी रेट कर्मचारियों से जबरन करवाया जा रहा है डेटा फीड

**बहादुरगढ़**। एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर वीरवार को सब यूनिट स्तर पर प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने बिजली कार्यालय के गेट पर दो घंटे का धरना देकर अपनी मांग जोर-शोर से उठाई। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान सुमित देशवाल ने की। प्रदर्शन के माध्यम से कर्मचारियों ने कहा कि डीसी रेट के कर्मचारियों से जबरन टेंपरेरी आईडी बनवाकर उनका डेटा फीड कराया जा रहा है। एचएसईबी वर्कर यूनियन इसका विरोध करती है। डीसी रेट के कर्मचारी एचकेआरएन में नहीं जाएंगे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार समय रहते नहीं चेती तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। नवीन, साहिल, संदीप, संजय, बंटी, सुमित, अमित, राजेश, रवींद्र, जेई जगमोहन, संजय आदि इस प्रदर्शन में शामिल थे।



### छत्रपति शिवाजी महाराज को किया नमन



**झज्जर**। क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने भारतवर्ष के गौरव छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती की पूर्व संध्या पर उनका एक विशाल रेखाचित्र बनाया। चौपाल रंगोली में पूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, रमेश कौशिक, नसीब कौशिक, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा व अलीशा शर्मा ने छत्रपति शिवाजी महाराज को नमन किया।

### जसबीर सैनी ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात



**बहादुरगढ़**। राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद जसबीर सैनी ने वीरवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से उनके दिल्ली निवास पर मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा नेता जसबीर सैनी को राष्ट्रीय सैनी सभा का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। इस अवसर पर रोहित प्रधान, कृष्ण कुमार, प्रदीप कुमार, ललित, नीरज, सूरज, नितिन व मंजीत आदि मौजूद थे।

### प्रशिक्षणार्थियों को दिए प्रमाण-पत्र



**झज्जर**। मिशन सक्षम के अंतर्गत रिलायंस एमईटी सिटी द्वारा संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम में डाटा एंट्री का प्रशिक्षण लेने वाले 100 से अधिक युवाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। संभव फाउंडेशन के सहयोग से रिलायंस की रोजगार एवं प्रशिक्षण पहल के माध्यम से ब तक 800 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जिनमें से 500 से अधिक युवा स्थानीय कंपनियों और उद्योगों में कार्यरत हैं। वीरवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में बीडीपीओ सुमित बेनीवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस मौके पर मुकेश, प्रतीक कटियार, अकीब अहमद, उत्कर्ष, सौरभ, शिवांश मौर्य, संजना, सरिता देवी, काजल, देव तथा रिलायंस की ओर से लोकेश, चंचल और अक्षय सहित भी उपस्थित रहे।

### बराही में 20 लाख रुपये से बनेगी दीवार



**बहादुरगढ़**। बराही में बस स्टैंड के नजदीक जिला परिषद की ग्रांट से 19 लाख 93 हजार रुपये की लागत से दीवार का निर्माण होगा। जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर ने वीरवार को गांव के बुजुर्गों के साथ निर्माण कार्य का विधिवत नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार विकास कार्यों को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। जिला परिषद की ग्रांट के माध्यम से लगातार वार्ड के गांवों में विकास कार्यों का शुभारंभ और उद्घाटन किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदल रही है। ग्रामवासियों ने इसके लिए पार्षद का आभार जताया।



**बहादुरगढ़**। खाटूश्याम के लिए पैदल रवाना होते गुभाना निवासी भक्त।

## गुभाना से खाटू श्याम के लिए पैदल जत्था रवाना

■ 30वीं खाटू श्याम पदयात्रा छह दिन बाद पहुंचेगी गंतव्य पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव गुभाना से श्याम भक्तों का एक पैदल जत्था राजस्थान के खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हुआ। रवाना होने से पहले श्री श्याम बालाजी मंदिर में बाबा श्याम की आरती की गई। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने बताया कि समिति की ओर से यह 30वीं खाटू श्याम पदयात्रा है। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने बताया कि पद यात्रा को लेकर भक्तों में काफी जोश दिखाई दिया। यात्रा में शामिल कृष्ण, सतबीर, राजू, कुणाल, श्री प्रकाश, गोपाल, निशू, कुलदीप, सुमित, प्रदीप, अतरो, सुनीता, गुडो, रीना, मंजू, राकेश, शीला, अनिल, अशोक, विक्रम व हनी आदि 6 दिन बाद श्याम धाम पहुंचेंगे।

### मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति पर जोर

## गांधी चौक पर मरम्मत के दो दिन बाद ही फिर धंसी सड़क

■ 14 फरवरी को मेन बाजार स्थित गांधी चौक पर सड़क धंसने से बना था गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में सड़कों की दशा बेहतर नहीं है। कहीं सतह उखड़ जाती है तो कहीं धंसकर गड्ढा बन जाता है। मूल कारणों की जांच कर ठोस समाधान करने के बजाय खानापूर्ति की जाती है, जिस कारण पुनः समस्या गहरा जाती है।

दरअसल, गत 14 फरवरी को मेन बाजार स्थित गांधी चौक पर सड़क की सतह धंसने से गड्ढा बन गया था। दो दिन तक गड्ढा यूं ही खुला रहा और फिर तीसरे दिन 16 फरवरी को गड्ढे को भरकर औपचारिकता पूरी कर दी गई, लेकिन यह लीपापोती दो दिन भी नहीं टिक सकी। फिलहाल उस



स्थान पर पुनः सतह धंसने लगी है और गड्ढा भी उभर आया है। गांधी चौक से स्कूल बसों के अलावा दिनभर वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। इसलिए वाहनों के दबाव से इस जगह पर दुर्घटना होने की आशंका बनी है। स्थानीय दुकानदा रोहित ने कहा कि लीकेज या अन्य कारणों से अक्सर शहर में कहीं न कहीं सड़क धंस जाती है। मूल कारणों की जांच कर ठोस समाधान निकालने के बजाय मलबा और सीमेंट का घोल डालकर काम निपटा दिया जाता है, जिस कारण समस्या फिर से उभर जाती है। बहादुरगढ़ में एक ही जगह पर कई बार सतह धंसने के मामले सामने आते रहे हैं।

### रेलवे स्टेशन से युवक लापता

**बहादुरगढ़**। स्थानीय रेलवे स्टेशन से संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक लापता हो गया। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर उसको तलाश चुके हैं लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। परिजनों ने अब रेलवे पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। यूपी मूल के इंदल का कहना है कि वह यहां बहादुरगढ़ में रहता है। उसका साला करीब 24 वर्षीय बॉबी भी चार महीने से यहां आया हुआ था और फिलहाल सेक्टर 17 स्थित कंपनी में काम कर रहा था। गत 15 फरवरी को वह अपने दोस्तों को छोड़ने रेलवे स्टेशन पर गया था लेकिन वापस नहीं आया। न तो अपने दोस्तों के साथ वह गांव गया और न ही हमारे यहां आया। उसे तमाम संभावित ठिकानों पर ढूंढ चुके हैं लेकिन कुछ अता पता नहीं है। उधर, जीआरपी बहादुरगढ़ ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### प्रत्येक पंचायत में गठित होंगे युवक-युवतियों के क्लब

**रोहतक**। खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, कौशल प्रशिक्षण, स्वास्थ्य और स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति अभियान समेत दूसरी सामाजिक गतिविधियों का संचालन करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में युवाओं के क्लब गठित किए जाएंगे। जिसके तहत 1500 वोटों तक की ग्राम पंचायत में क्लब के सदस्यों की संख्या होगी 10 से 20, 2000 तक में 15 से 20 और 2 हजार से ज्यादा मतों वाली वाली पंचायत में भी मैंबर की संख्या भी 20 ही रहेंगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### भगवान श्रीराम-श्रीकृष्ण का जन्म प्रसंग सुनाया



**बहादुरगढ़**। शहर के श्री महावीर मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन वीरवार को श्रीराम व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर पूरा वातावरण भक्ति रस में डूबा नजर आया। जैसे ही भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन हुआ, पंडाल हरे कृष्णा-हरे रामा, हरे रामा-हरे कृष्णा के जयकारों और भजनों से गूंज उठा। श्रद्धालु भजन कीर्तन पर झूमते और नाचते दिखाई दिए। विशेष आकर्षण छोटे-छोटे बच्चों की झांकी रही, जो भगवान राम और भगवान कृष्ण के स्वरूप में सजे हुए थे। जब इन बाल रूपों को शिरोधारण के पंडाल में आते ही लोगों ने भाव-विभोर होकर पुष्पवर्षा की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के प्रसाद का वितरण किया गया। कथा के चौथे दिन का यह जन्मोत्सव समारोह श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम बन गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर शाम तक मंदिर परिसर में मौजूद रहे।

## स्वच्छ जल, वायु, हरा-भरा पर्यावरण ही धरती पर जीवन का आधार : प्राचार्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने वीरवार को एक दिवसीय कैंप में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक किया। स्वयंसेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण पर लाइनपार क्षेत्र में रैली निकाल कर पर्यावरण को संरक्षित करने, जल बचाओ, पेड़ पौधे लगाओ, प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने के लिए जागरूक किया।

प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि स्वच्छ जल, वायु, वातावरण, हरा-भरा पर्यावरण ही धरती पर जीवन का आधार है। हम सभी को जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, ध्वनि



**बहादुरगढ़**। एनएसएस स्वयंसेविका को प्रोत्साहित करते कॉलेज पदाधिकारी।

प्रदूषण को रोकने के प्रयास करने चाहिए। पेड़ पौधे लगाकर उनका संरक्षण भी करना चाहिए। प्रकृति हमारी मां है और इसे सुरक्षित रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। भूगोल की असिस्टेंट प्रोफेसर सपना ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया। उनके अनुसार ग्लोबल वार्मिंग की समस्या दिन प्रतिदिन विकट रूप लेती जा रही है। हवा सांस लेने योग्य नहीं रह गई है। सभी को जागरुक होकर आगे बढ़कर पर्यावरण के संरक्षण की पहल करनी होगी नहीं तो संपूर्ण जन जीवन भविष्य में खतरे में पड़ सकता है। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. नेहा नैन ने बताया कि स्वयंसेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण पर कविता सुनाई।

#### प्रोत्साहित किया

स्वीटी व दीपिका ने भाषण भी दिए। कॉलेज उप-प्रधान प्रेमचंद बंसल तथा प्राचार्या डॉ राजवंती शर्मा ने सर्टिफिकेट व पुरस्कार देकर स्वयंसेविकाओं को प्रोत्साहित किया।

### बामड़ोली में पराली प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण पर निकाली रैली

## पराली प्रबंधन वर्तमान की महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चुनौती: दहिया

■ मिमिक्री प्रतियोगिता में शिवानी प्रथम और शाहिना खातून दूसरे स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने गांव बामड़ोली में चल रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन पर्यावरण संरक्षण पर जागरुकता रैली निकाली। मिमिक्री प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष की शिवानी ने पहला, शाहिना खातून ने दूसरा, मेघा व नेहा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ईशा रानी तथा खुशबू ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। स्वयंसेविकाओं ने वीरवार सुबह योगा, एनएसएस गीत व वंदे मातरम के साथ कैंप शुरू किया। स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान भी किया। क्लीन एंड ग्रीन एसोसिएशन से जुड़ी पर्यावरणविद डॉ. गीता ने कहा कि मनुष्य को जीवनभर प्रकृति की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे और वनस्पतियों से मिलने वाली ऑक्सीजन के कारण ही हम जीवित हैं। लेकिन लगातार



बढ़ती आबादी व घटते वन क्षेत्र के कारण तापमान में वृद्धि हो रही है। धरती पर अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर ही इसकी भरपाई की जा सकती है। क्लीन एंड ग्रीन एसोसिएशन से जुड़े वजीर सिंह दहिया ने बताया कि पराली प्रबंधन वर्तमान समय की एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय और कृषि चुनौती है। हैप्पी सीडर और जोरो टिलर जैसी मशीनों का उपयोग करके पराली को मिट्टी में मिलाया जा सकता है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ भी दिलवायी। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने पटका, पौधा एवं प्रशस्ति पत्र देकर दोनों का सम्मान किया। हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रैली को रवाना किया। स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीणों को पर्यावरण बचाने के लिए जागरूक किया।